यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा में खामियां मिलने पर कुलपति ने जताई नाराजगी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि (यूटीयू) की वर्तमान में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान एक बार फिर रुड़की क्षेत्र के एक इंस्टीट्यूट में खामियां मिलीं। जिस पर कुलपति ने कड़ी फटकार लगाई।

■ सीसीटीवी फुटेज समेत उपस्थिति पत्र में मिली काट-छांट

बृहस्पतिवार को यूटीटू के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने द्वितीय पाली में रुड़की क्षेत्र में आने वाले रुड़की इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आरआईटी), आरसीई और फोनिक्स ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दौरान पाया गया कि फोनिक्स ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित परीक्षाओं में सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने, उपस्थिति प्रपत्र में काटा छांटी और वेरिफिकेशन प्रपत्र में कक्ष निरीक्षकों के हस्ताक्षर नहीं मिलने की अनियमितताएं प्रकाश में आईं।

कुलपति ने नाराजगी जताते हुए विवि के परीक्षा नियंत्रक से तत्काल समस्त अभिलेख को के नियंत्रण में लेने के निर्देश दिए। इस दौरान उड़न दस्ते के साथ कुलपति ने परिसर का भ्रमण किया और परीक्षा कक्षों के नीचे पड़े कागजों को तत्काल साफ करा कर सुचिता से परीक्षा कराने का निर्देश दिया।